न्यायालय भू-प्रबन्ध अधिकारी एवं पदेन राजस्व अपील प्राधिकारी, कोटा

आज्ञा - पत्र

उनवान

नन्द लाल बनाम बसन्ती बाई

किस्म मुकद्दमा प्रार्थना पत्र मि. नं. सन्

अभिभाषक अपीलान्ट श्री सी०पी० खंडेलवाल अभिभाषक रेस्पोन्डेन्ट

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
7-9-2020	पत्रावली पेश हुई / अभिभाषक प्रार्थी उपस्थित / अभिभाषक प्रार्थी की बहस सुनी गई / अभिभाषक प्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र में वर्णित तथ्यों को दोहराते हुए कथन किया कि उपरोक्त उनवानी अपील में प्रार्थी उपस्थित होता आ रहा था लेकिन दिनांक 5-2-19 को प्रार्थी माननीय न्यायालय में उपस्थित हुआ तो तारीख पेशी 25-7-2019 दी गई थी लेकिन माननीय न्यायालय की आदेशिका में ता० पेशी 25-2-2019 दर्ज हो गई इस कारण से प्रार्थी माननीय न्यायालय में उपस्थित नहीं हो सका / प्रार्थी को सहवन से गलत तारीख नोट हो जाने के कारण ही उपस्थित नहीं हो सका था / अतः न्यायहित में प्रार्थना पत्र स्वीकार कर अपील को पुनः पुनर्वर्ग करने हेतु रेस्टोर करने के आदेश प्रदान करने का निवेदन किया गया / हमने रेस्टोरेशन प्रार्थना पत्र एवं मूल अपील का अवलोकन किया / न्यायहित में प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है एवं मूल अपील को गुणावगुण पर सुना जाकर निर्णय किया जाना उचित समझते हैं / अतः मूल अपील पुनः दर्ज रजिस्टर की जाम / रेस्टोरेशन प्रार्थना पत्र केसल नम्बर होकर मूल अपील के साथ संलग्न रहे /	

(महेन्द्र लोढ़ा)
भू-प्रबन्ध अधिकारी
एवं
पदेन राजस्व अपील प्राधिकारी
कोटा (राज.)